यह प्रार्थना पत्र तहसीलदार सूरजगढ़ से बाद जांच रिपोर्ट प्राप्त हुआ है। दर्ज रजिस्टर किया जावे। तहसीलदार सूरजगढ़ की जांच रिपोर्ट के मुताबिक राजस्व ग्राम बास बिजोली की वर्तमान जमाबंदी संवत 2074-77 के खाता संख्या 8 में ख.नं. 33 की खातेदारी गिरधारी पुत्र नन्दा के नाम दर्ज रिकाॅर्ड है। जबकि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात यथा, राशन कार्ड, आधारकार्ड, व सरपंच ग्राम पंचायत फरट द्वारा जारी प्रमाण पत्र इत्यादि में गिरधारी पुत्र हरिकिशन दर्ज है।

तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी के दादा का नाम राजस्व रिकाॅर्ड में दुरूस्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम बास बिजोली की वर्तमान जमाबंदी संवत 2074-77 के खाता संख्या 8 में ख.नं. 33 में खातेदार गिरधारी पुत्र नन्दा के बजाय गिरधारी पुत्र हरिकिशन दुरूस्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

तहसीलदार सूरजगढ़ उक्तानुसार राजस्व रिकाॅर्ड में नाम दुरूस्ती की कार्यवाही करें। तहसीलदार को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार व नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Abhilasha
Date: 2021.08.05 11:38:31 IST
Reason: SelfAttested